दिनांकः 12.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- जोधपुर में चल रहे सेनाओं के युद्धाभ्यास तरंग शक्ति के अवसर पर आज से भारत रक्षा विमानन प्रदर्शनी का आयोजन–रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे उद्घाटन।
- केन्द्र ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य कवरेज को दी मंजूरी–मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले।
- राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के सिलसिले में राज्य सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने जापान के उद्यमियों को प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित।
- प्रदेश में बरसात का दौर दो–तीन दिन और जारी रहने की संभावना–पूर्वी जिलों में कई स्थानों पर तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित।

000

जोधपुर में चल रहे कई देशों की सेनाओं के युद्धाभ्यास तरंग शक्ति–2024 के अवसर पर आज से भारत रक्षा विमानन प्रदर्शनी आई.डी.ए.एक्स. 2024 लगाई जा रही है। इसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन करेंगे। 14 सितम्बर तक लगने वाली इस प्रदर्शनी में विभिन्न उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के साथ रक्षा उद्योग की भागीदारी रहेगी। इसमें विदेशी मित्र देशों और भारतीय दर्शकों को सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, विभिन्न श्रेणी के निजी उद्योगों और नए उद्यम सहित भारतीय विमानन उद्योग से संबंधित प्रतिभागियों से मिलने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य तरंग शक्ति 2024 में भाग ले रहे वैश्विक वायु सेनाओं के निर्णय–कर्ताओं और अंतिम उपयोगकर्ताओं के सामने भारतीय विमानन उद्योग के स्वदेशी कौशल को प्रदर्शित करना है।

000

गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना जोधपुर में कई देशों के युद्धाभ्यास तरंग शक्ति–2024 का आयोजन कर रही है।

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दे दी है। कल नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि तीन हज़ार 437 करोड़ रुपये की इस योजना में आय संबंधी कोई सीमा नहीं रखी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके दायरे में देश के लगभग साढ़े चार करोड़ परिवार आएंगे और लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

000

मंत्रिमंडल ने मौसम पूर्वानुमानों और जलवायु संबंधी जानकारी में अधिक क्षमता हासिल करने के लिए मिशन मौसम योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना पर दो वर्षों में दो हजार करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की ओर से शुरू की जाने वाली इस योजना से देश में मौसम और जलवायु संबंधी विज्ञान, अनुसंधान और सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। इससे अत्यधिक सटीकता से मौसम और जलवायु संबंधी जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा सार्वजनिक परिवहन प्राधिकरणों द्वारा ई–बसों की खरीद और संचालन के लिए पीएम–ईबस सेवा–भुगतान सुरक्षा तंत्र योजना को भी मंजूरी दी गई है। पीएम ई–ड्राइव योजना में अब ई–वाउचर शामिल होंगे, जो इलेक्ट्रिक खरीद प्रक्रिया को व्यवस्थित करेंगे। इससे इलेक्ट्रिक एम्बुलेंस का उपयोग बढ़ेगा जो स्वास्थ्य क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहन को शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के कार्यान्वयन के लिए ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

000

प्रदेश में दिसम्बर महीने में होने जा रहे राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के सिलसिले में कल जापान के टोक्यो में निवेशकों के साथ राज्य सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जापानी व्यापार जगत को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान के साथ राज्य सरकार निवेश के अलावा एक स्थायी और दीर्घकालिक साझेदारी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि नीमराणा जापानी निवेश क्षेत्र में 48 से अधिक जापानी कंपनियों ने लगभग 8 दशमलव तीन चार बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है और 26 हजार से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। ये 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का एक जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने जापान के व्यापार और उद्योग उपमंत्री इशी ताकू को इन्वेस्टमेंट समिट का भागीदार देश बनने के लिए भी आमंत्रित किया। सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में विभिन्न कंपनियों के सीईओ और बिजनेस लीडर्स के साथ लंच पर मुलाकात की और उन्हें भी राजस्थान में अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

000

प्रदेश में बारिश का दौर अभी दो तीन दिन और जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहीं–कहीं भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। इससे पहले, पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश धौलपुर में दर्ज की गई। जिले के कई इलाकों में पानी भरने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मचकुंड सरोवर कई सालों बाद लबालब हो गया है।

000

बारां में पिछले तीन दिनों से रुक–रुक कर वर्षा हो रही है। जयपुर में बादल छाए हुए हैं और अलसुबह से हवाएं चल रही हैं। जोधपुर में लगातार हो रही बरसात से बिलाडा का जसवंत सागर बांध अपनी भराव क्षमता पर पहुंच गया है। प्रशासन ने आस–पास के गांवों के लिए अलर्ट जारी किया है। पाली में सोजत का राजसागर चौपड़ा बांध छलक गया है। जवाई बांध में पानी की आवक बनी हुई है। सवाईमाधोपुर में बीती रात से बरसात का सिलसिला चल रहा है। करौली में तेज बरसात के समाचार हैं। भरतपुर में बारेठा और अजान बांध से पानी की निकासी की जा रही है। तेज बरसात और जलभराव की स्थिति को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों में विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया गया है। अजमेर और सवाईमाधोपुर में आज कक्षा एक से बारह के विद्यार्थियों का अवकाश रहेगा। वहीं धौलपुर में आगामी आदेश तक स्कूलों में अवकाश रहेगा। भरतपुर में 14 सितम्बर तक विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया गया है।

इधर, जयपुर में अतिवृष्टि के चलते हुए नुकसान के मद्देनजर ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाकर आमजन को जल भराव की समस्या से निजात दिलाई जाएगी। जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कल एक समीक्षा बैठक में ये बात कही। उन्होंने कहा कि टूटी हुई सड़कों का पुनर्निमाण और गुवत्तापूर्ण मरम्मत करवाई जाएगी। श्री पटेल ने कहा कि सरकार जल्द ही नुकसान का सर्वे करवा कर प्रभावितों तक मदद पहुंचाएगी।

000